उत्तर प्रदेश शासन

उपभोक्ता संरक्षण एवं बांट माप अनुभाग-1

संख्या- 7/2021/ 331/84-1-2021-35/2016

लखनऊ दिनांक 09 जून,2021

कार्यालय आदेश

लोक सेवा आयोग उ0प्र0 द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा सामान्य चयन/(दिव्यांगजन विशेष चयन) परीक्षा-2018 के आधार पर चयनित श्री अरविन्द कुमार यादव पुत्र श्री कोमल यादव, को श्री राज्यपाल सहायक नियंत्रक ग्रेड-1,विधिक माप विज्ञान के पद पर पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन ग्रेड-3 रू0 15600-39100 तथा ग्रेड पे रू0 5400/- में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से नियुक्त करते हुये प्रयागराज मण्डल में तैनात करती हैं।

2- श्री यादव को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से दो वर्ष की विहित परिवीक्षा अवधि पर रखा जायेगा।

3- श्री यादव को उक्त वेतन बैण्ड में वेतन के अतिरिक्त समय-समय पर जारी शासनादेशों के अन्तर्गत अनुमन्य महंगाई भत्ता तथा अन्य भत्ते भी नियमानुसार देय होंगे।

4- श्री यादव को नियमानुसार प्रशिक्षण के लिये भेजा जायेगा।

5- श्री यादव की ज्येष्ठता उ0प्र0 सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली-1991 (अद्यावदिक संशोधन सहित) के सुसंगत नियमों के अनुसार आयोग द्वारा तैयार की गयी श्रेष्ठता की सूची के आधार पर निर्धारित की जायेगी।

भवदीय,

(प्रेमेन्द्र कुमार गुप्त)
अनु सचिव ।

संख्या- 7/2021/2021/331(1)/84-1-2021-35/2016

प्रतिलिपि :- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 प्रयागराज।
2. सचिव, लोक सेवा आयोग उ0प्र0 प्रयागराज।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

3. नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान विभाग उ0प्र0 लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित की वे श्री अरविन्द कुमार यादव पुत्र श्री कोमल यादव,जिला बलिया,उ0 प्र0 को कार्यभार-प्रमाण पत्र भरवाकर समस्त औपचारिकतायें पूर्ण कराते हुए उन्हें नियमानुसार कार्यभार ग्रहण करायें और इसकी सूचना शासन को प्रेषित करें।

4. आयुक्त प्रयागराज मण्डल।

5. जिलाधिकारी प्रयागराज।

6. कोषाधिकारी/वरिष्ठ कोषाधिकारी प्रयागराज।

7. निदेशक मुद्रण एवं लेखन सामग्री उ0प्र0 प्रयागराज को गजट में प्रकाशन हेतु।

8. श्री अरविन्द कुमार यादव आत्मज श्री कोमल यादव,निवासी-ग्राम-मेहरांव,पोस्ट-डिहवां, थाना-नगरा, जनपद-बलिया उ0 प्र0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि नियंत्रक विधिक माप विज्ञान विभाग, 07 बालाकदर रोड़,उ0प्र0 लखनऊ के कार्यालय में उपस्थित होकर तत्काल कार्यभार ग्रहण करें। इस हेतु उन्हें कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

9. कार्मिक अनुभाग-4 को उनके पत्र संख्या-65/आ/का-4-2021दिनांक 18 मार्च, 2021 के संदर्भ में।

10. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(प्रेमेन्द्र कुमार गुप्त)
अनु सचिव ।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।